हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 30 दिसंबर 2024

हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के साथ पूरा उत्तर भारत शीतलहर के साथ नए वर्ष में प्रवेश करेगा। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग ने बताया है कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में शीत लहर और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में भीषण शीत लहर की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, आज पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में कड़ाके की ठंड रहने की संभावना है। पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में अगले दो से तीन दिन रात और सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने का भी अनुमान है।

****

इस वर्ष की अंतिम सोमवती अमावस्या के दिन आज कुरुक्षेत्र के पवित्र ऐतिहासिक ब्रहम सरोवर और जींद के पांडु पिंडारा में देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कड़ाके की ठंड के बावजूद स्नान किया । कुरुक्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धालु ब्रहम सरोवर पर पूजा कर्म कर पितरों की शांति के लिए प्रार्थना करते देखे जा रहे हैं।

****

जींद के पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर सोमवतीअमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर तर्पण किया।हमारे संवाददाता ने बताया है कि ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर कल शाम से ही श्रद्धालुओं पहुंचना शुरू हो गए थे। कल पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा

कीर्तन चलते रहे। कड़ाके की ठण्ड के बावजूद श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जगह-जगह पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होने के कारण गोहाना रोड पर जाम जैसी स्थिति बनी हुई है। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से स्थान निर्धारित किया गया है।इस पिण्डतारक तीर्थ के सम्बन्ध में किवदन्ती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शान्ति के लिए पाण्डवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शान्ति के लिए पिण्डदान किया।

****

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन - इसरो आज रात नौ बजकर **58** मिनट पर श्रीहरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। ये उपग्रह कक्षा में अन्तरिक्ष यानों की डॉकिंग-अनडॉकिंग यानि जोड़ने और अलग करने की प्रक्रिया दर्शायेंगे। प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी **60** इन दोनों उपग्रह - एसडीएक्स-**01** और एसडीएक्स-**02** को **476** किलोमीटर की तृतीय कक्षा में स्थापित करेगा और स्पेस डॉकिंग की प्रायोगिक प्रक्रिया पूरी करेगा।

****

पूर्व केंद्रीय मन्त्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर सहित अनेक राजनीतिक और सामाजिक शख्सियतों ने कल सिरसा स्थित गांव तेजाखेड़ा फार्म पहुंचकर हरियाणा के पूर्व मुख्यमन्त्री स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कई शख्सियतों ने जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला सहित शोकाकुल पूरे परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।पूर्व केंद्रीय मन्त्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि चौटाला जी ने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी और उन्होंने न केवल हरियाणा, बल्कि हिमाचल प्रदेश के विकास व हक की लड़ाई में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वो ऐसे नेता थे, जिन्होंने पार्टी की सीमाओं से परे जाकर देश और जनता के लिए काम किया। इस दौरान पूर्व भारतीय

क्रिकेटर जोगिंदर शर्मा, पहलवान बजरंग पुनिया, विधायक निर्मल सिंह, पूर्व विधायक सुभाष सुधा, राजस्थान से सांसद हरीश चंद्र मीणा सहित अनेक नेताओं ने चौधरी ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि दी।

****

हरियाणा स्टीलर्स ने 11वीं प्रो. कबड्डी लीग चैंपियनशिप जीत ली है। उसने फाइनल में पटना पायरेट्स को **32-23** से हराया। मैच पुणे के बालेवाड़ी में श्री शिव छत्रपति खेल परिसर में
खेला गया। हरियाणा ने पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खिताब जीता है।

****

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संस्कृत के प्रचार और प्रसार को समर्पित **संस्कृत भारती, 5** और **6** जनवरी को प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। दो दिवसीय यह सम्मेलन पानीपत जिले के पट्टी कल्याणा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास साधना केंद्र में आयोजित होगा।श्री माता मनसा देवी राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में प्रोफेसर सुनील शास्त्री ने बताया सम्मेलन में समूचे प्रांत से संस्कृत भारती के पदाधिकारी और दायित्ववान कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। इस सम्मेलन में संस्कृत भारती का परिचय, भविष्य की योजना, संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी , कौटिल्य अर्थशास्त्र प्रदर्शनी ,पुस्तक प्रदर्शनी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि संस्कृत भारती द्वारा प्रांतीय सम्मेलन के बाद इस बार पलवल और हिसार में **7** जनवरी से **15** जनवरी तक प्रबोधन वर्ग भी लगाए जा रहे हैं।